# छत्रीपुल पर कब्जा खाली कराने की कार्रवाई पर स्टे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। छत्रीपुल पर वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जे व बेदखली को लेकर 4 दिसंबर को कब्जा खाली कराने की कार्रवाई पर हाईकोर्ट से स्टे दिया गया है। नगर निगम, राजस्व, पुलिस के संयुक्त अमले द्वारा कार्रवाई करते हुए छत्रीपुल स्थित करीब 10800 वर्गफीट फीट भूमि मुक्त कराई गई थी। कार्रवाई से पहले मौके पर भागवत कथा का आयोजन भी शुरू किया गया था।

मालूम हो कि तहसीलदार शहर गोपाल सोनी द्वारा एक दिसंबर को अजीत ललवानी पुत्र झमक ललवानी राइट सर्विस मस्जिद कंपाउंड छत्रीपुल को अध्यक्ष पंचान मोचियान वक्फ कदीमी कब्रिस्तान रतलाम द्वारा 30 नवंबर 2021 को मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा लिखे पत्र व मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल के प्रकरण 106/04 में 16 फरवरी 2005 को पारित आदेश के आधार पर मस्जिद की 1310, 1311, 1312, 1313, 1314 एवं 1325 नया सर्वे नंबर 117 का रकबा 12 बीघा 9 बिस्वा के 8800 वर्गफीट भूमि पर कब्जे को वक्फ एक्ट की धारा 54 के तहत बेदखली के लिए तीन दिसंबर तक कब्जा हटाने का नोटिस दिया। कब्जा नहीं हटाने पर चार दिसंबर को मौके पर कथा पंडाल को छोड़कर आगे का हिस्सा तोड़ दिया गया। मामले में हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में एमएस राइट सर्विसेज एवं प्रोपराइटरशिप फर्म सुरेंद्र कुमार जैन की ओर से अभिभाषक रोहित कुमार मंगल ने याचिका दायर की। हाईकोर्ट जज विवेक रुसिया ने अगली सुनवाई तक कार्रवाई पर रोक लगाते हुए निर्णय में उल्लेख किया कि वक्फ अधिनियम के 54 और 55 के प्रविधान के तहत प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि वक्फ बोर्ड द्वारा पारित आदेश को वक्फ ट्रिब्यूनल से संपर्क किए बिना सीधे निष्पादित नहीं किया जा सकता है। मामले में चार सप्ताह में शासन से जवाब मांगा गया है। जानकारी सुरेंद्र जैन ने दी।

## रतलाम का दल भी भाग लेगा

रतलाम। बैतूल में 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राज्य प्रतियोगिता में नुजहत खान, कीर्ति पाटीदार, भूमिका, बालक वर्ग में देवेश, विनायक, आशीष, पवन बैरागी, मनोज कुमावत, अंतरसिंह डामोर का चयन जिला क्रास कंट्री प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। टीम मैनेजर पूरव परवार को नामित किया गया है। रतलाम जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सतीश पुरोहित, श्रवण यादव, राकेश शर्मा, डा. एसएस मौर्य, वंशिका चौहान, पूजा सोलंकी आदि ने खिलाड़ियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

नई.

नईदुनिया 10/12/21

# जिले के मठ-मंदिरों में भाज चलाएगी स्वच्छता अभियान

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय और मंडल स्तर पर दिव्य काशी-भव्य काशी कार्यक्रम आयोजित करेगी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के निर्देशानुसार पार्टी द्वारा कार्यक्रम के तहत 10 व 11 दिसंबर को जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी 23 मंडलों में सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे। स्वच्छता अभियान मंदिरों, मठों व आश्रमों में चलाया जाएगा।

जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया कि कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने मनोज शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। शर्मा ने जिलाध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठजनों की सहमति से सभी 23 मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर उन्हें कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंप दी है। मंडल स्तर पर नियुक्त किए गए प्रभारियों में दीनदयाल मंडल के लिए बंटी बोहरा, सूरजमल जैन मंडल प्रभारी हेमंत राहोरी, मुखर्जी मंडल प्रभारी धर्मेंद्रसिंह देवड़ा, डा. आंबेडकर मंडल प्रभारी लोकेश जायसवाल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल प्रभारी राजेश परमार, नामली मंडल प्रभारी अजय जोगचंद्र, धराड़ मंडल प्रभारी राकेश पाटीदार, शबरी मंडल प्रभारी अमृतलाल पाटीदार, बांगरोद मंडल प्रभारी बालकृष्ण व्यास, सैलाना मंडल अंबिका पाटीदार, सरवन-बेड़दा मंडल भेरूसिंह निनामा, रावटी मंडल कैलाश वसुनिया, बाजना मंडल नरेंद्र वसुनिया, राजापुरा माताजी मंडल दिनेश चारेल, जावरा नगर मंडल राजेश शर्मा, जावरा ग्रामीण मंडल डा. राजेंद्रसिंह देवड़ा, पिपलौदा मंडल दिनेश पाटीदार, सुखेड़ा मंडल सुरेश धाकड़, आलोट मंडल अनिल पोरवा ताल मंडल नरेंद्र कल्याणे, बड़ाव मंडल संजय चावड़ा, श्रीमंत राजमात डल के लिए सुरेश भीलवाड़ा की नि की गई है। उल्लेखनीय है कि 13 र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और उद्घाटन करेंगे।

### आज शिविर में ब गे आटो रिक्शा के पर पट

**रतलाम।** जिला परिवहन कार्यालय में शुक्रवार को आटोरिक्शा का परमिट बनाने के लिए शिविर लगाया जा रहा है। परिवहन अधिकारी दीपक कुमार माझी ने बताया कि सभी आटो रिक्शा चालक शिविर में शामिल हो सकते है। उच्च न्यायालय द्वारा किए गए आदेश के पालन में कोई भी आटो रिक्शा बिना परमिट के अपने आटो रिक्शा का संचालन न करे, इसलिए विशेष शिविर लगाया परमिट बनाएं जाएंगे। परिवहन अधिकारी ने बताया कि आटोरिक्शा के परमिट बनवाने के लिए समस्त दस्तावेज वाहन पंजीयन, बीमा, पीयूसी प्रमाण पत्र सहित आवेदन 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे से परिवहन कार्यालय में आयोजित शिविर में चालक जमा कर सकते हैं। नई.

नईदुनिया 10/12/21

## 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 82 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 34525, ट्रैक्टर-ट्राली से 13195, काम्पेक्टर सूखा कचरा 14360, काम्पेक्टर गीला कचरा 20910 कुल 82290 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 10/12/21

## मास्क नहीं लगाया, 30 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए शहर में बचाव पर प्रशासन का ध्यान हैं। कलेक्टर द्वारा पिछले दिनों सभी को मास्क लगाना अनिवार्य किया हैं। आदेश जारी होने के बाद शहर में दल द्वारा विभिन्न क्षेत्र में पहुंचकर मास्क लगाने की समझाईश दी जा रही है और जुर्माना भी किया जा रहा हैं। नगर निगम के दल ने पिछले दिनों ऐसे व्यक्ति जो कि मास्क नहीं लगा रहे है उन पर जुर्माने की कार्यवाही की। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 30 ऐसे व्यक्ति जो बिना मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

नवभारत 10/12/21

# 11 को रतलाम आएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज़सिंह चौहान



रतलाम। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 11 दिसंबर को रतलाम आ सकते हैं। उनके संभावित दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया हैं। दौरे के चलते



## ▶ कलेक्टर, एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

आला अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री के रतलाम भ्रमण को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा तैयारियों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर व एसपी गौरव तिवारी गुरुवार को बंजली हवाई पट्टी पहुंचे। यहां निरीक्षण पश्चात मेडिकल कॉलेज पहुंच कर मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. गुप्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद एक गार्डन पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह, एसडीओ पीके राय आदि उपस्थित थे।

## सीएम 80 मिनट रूकेंगे

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 दिसंबर को रतलाम पहुंचेंगे। यहां वह निरीक्षण सहित एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे अपने अपने रतलाम प्रवास के दौरान शहर में करीब 80 मिनट तक रहेंगे। वे दो कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

## सुरक्षा व्यवस्थाओं की एसपी ने ली जानकारी

मुख्यमंत्री दौरे के चलते प्रशासन व्यवस्थाओं में जुट गया हैं। कलेक्टर, एसपी ने गुरूवार को निरीक्षण किया। वहीं मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी भी एसपी गौरव तिवारी ने पुलिस अधिकारियों से ली है।

## इस वर्ष यह तीसरा दौरा

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इस वर्ष प्रथम बार फरवरी माह में रतलाम आए थे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। जिसके बाद अगस्त के महीने में वैक्सीनेशन महाअभियान का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री श्री चौहान रतलाम पहुंचे आए थे। वही अब 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रतलाम द्वारा प्रस्तावित है। जहां मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद एक अन्य कार्यक्रम में वें शामिल होंगे।

नवभारत

नवभारत 10/12/21

## भाजपा आज और कल मठ व मंदिरों की सफाई करेगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो दिनी दिव्य काशी-भव्य काशी अभियान कार्यक्रम के तहत 10 और 11 दिसंबर को भाजपा जिलेभर के मठ, मंदिर और आश्रमों की सफाई करेगी। इसमें मुख्यालय से लेकर सभी 23 मंडलों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता सेवा देंगे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा ने इसके लिए मनोज शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया पार्टी के वरिष्टजनों की सहमति से सभी मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंप दी है। शहर में दीनदयाल मंडल के लिए बंटी बोहरा, सूरजमल जैन मंडल के लिए हेमंत राहोरी, मुखर्जी मंडल प्रभारी धर्मेंद्र सिंह देवड़ा, डॉ. आंबेडकर मंडल के लिए लोकेश जायसवाल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के लिए राजेश परमार को प्रभारी बनाया है। बता दें कि 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और उद्घाटन करेंगे। उसी के तहत पार्टी द्वारा 13 दिसंबर तक अनेक कार्यक्रम चलाएगी।

भास्कर

# 10 एवं 11 दिसम्बर को जिले भर में भाजपा मठ-मंदिरों में चलाएगी स्वच्छता अभियान : राव

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर दिव्य काशी-भव्य काशी कार्यक्रम आयोजित करेगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्माजी के निर्देशानुसार पार्टी द्वारा कार्यक्रम के तहत 10 एवं 11 दिसम्बर को जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी 23 मंडलों में सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे। स्वच्छता अभियान मंदिरों, मठों एवं आश्रमों में चलाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने मनोज शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। श्री शर्मा ने जिलाध्यक्ष श्री लुनेरा एवं पार्टी के वरिष्ठजनों की सहमित से सभी 23 मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर उन्हें कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंप दी है।

मंडल स्तर पर नियुक्त किए गए प्रभारियों में दिनदयाल मंडल के लिए श्री बंटी बोहरा, सूरजमल जैन मंडल प्रभारी हेमंत राहोरी, मुखर्जी मंडल प्रभारी धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, डॉ. अम्बेडकर मंडल प्रभारी लोकेश जायसवाल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल प्रभारी राजेश परमार, नामली मंडल प्रभारी अजय जोगचन्द्र, धराड़ मंडल प्रभारी राकेश पाटीदार, शवरी मंडल प्रभारी अमृतलाल पाटीदार, बांगरोद मंडल प्रभारी बालकृष्ण व्यास, सैलाना मंडल अम्बिका पाटीदार, सरवन बेड़दा मंडल भेरूसिंह निनामा, रावटी मंडल कैलाश वसुनिया, बाजना मंडल नरेन्द्र वसुनिया, राजापुरा माताजी मंडल दिनेश चारेल, जावरा नगर मंडल राजेश शर्मा, जावरा ग्रामीण मंडल डॉ. राजेन्द्रसिंह देवड़ा, पिपलौदा मंडल दिनेश पाटीदार, सुखेड़ा मंडल सुरेश धाकड़, आलोट मंडल अनील पोरवाल, ताल मंडल नरेन्द्र कल्याणे, बड़ावदा मंडल संजय चावड़ा, श्रीमंत राजमाता मंडल के लिए श्री सुरेश भीलवाड़ा की नियुक्ति की गई है।

उल्लेखनीय है कि 13 दिसम्बर को विश्व नेता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी काशी में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं उदघाटन करेंगे। उसी के तहत पार्टी द्वारा अनेक कार्यक्रम 13 दिसम्बर तक चलाए जाएंगे।

प्रसारण 10/12/21



# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रतलाम भ्रमण की तैयारियों का कलेक्टर ने निरीक्षण किया

रतलाम (आरएनएन)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 11 दिसंबर को प्रस्तावित रतलाम भ्रमण को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा तैयारियों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक गुरुवार को बंजली हवाई पट्टी पहुंचे वहां निरीक्षण पश्चात मेडिकल कॉलेज पहुंच कर मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. गुप्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद अमृत गार्डन पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.इंद्रजीत बाकलवार, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, एसडीओ पीकोय आदि उपस्थित थे। २७

राज एक्सप्रेस 10/12/21

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 दिसंबर को आएंगे रतलाम





## मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों में जुटा प्रशासन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संभावित दौरे की तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने बंजली हवाईपट्टी और शासकीय मेडिकल कॉलेज का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तीसरी लहर को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी भी एसपी गौरव तिवारी ने पुलिस अधिकारियों से ली है।

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 दिसंबर को रतलाम पहुंचेंगे। रतलाम के अल्प प्रवास में मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज में तीसरी लहर की तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद जावरा विधायक राजेंद्र पांडे के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होंगे। अपने रतलाम प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री रतलाम शहर में करीब 80 मिनट तक रहेंगे जहां दो कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

प्रसारण 10/12/21

# मुख्यमंत्री श्री चौहान 11 दिसंबर को आएंगे रतलाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ११ दिसंबर को रतलाम पहुंचेंगे। रतलाम के अल्प प्रवास में मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज में तीसरी लहर की तैयारियों का निरीक्षण करने के बाद जावरा विधायक राजेंद्र पांडे के पुत्र के विवाह समारोह में शामिल होंगे अपने रतलाम प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री रतलाम शहर में करीब 80 मिनट तक रहेंगे जहां दो कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

**मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों में जुटा प्रशासन**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संभावित दौरे की तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने बंजली हवाई पट्टी और शासकीय मेडिकल कॉलेज का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तीसरी लहर को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी भी एसपी गौरव तिवारी ने पुलिस अधिकारियों से ली है। अवन्तिका

अवन्तिका 10/12/21

# छत्री पुल जमीन पर सुरेन्द्र जैन को हाईकोर्ट से मिला स्टे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

बताया जाता है कि कथित फर्जी आदमी के नाम पर वक्फ बोर्ड द्वारा जारी आदेश के आधार पर तहसीलदार रतलाम द्वारा छत्री पुल रतलाम पर एक दिसंबर दोपहर एक बजे राइट सर्विस कार बाजार जिसका 35 वर्षों से सुरेंद्र जैन संचालन कर रहे हैं पर चस्पा किए गए नोटिस को इंदौर हाई कोर्ट में सुरेंद्र जैन के विद्वान वकील रोहित मंगल द्वारा चुनौती दी गई थी।

8 दिसम्बर को विद्ववान जज विवेक रूसिया ने सुनवाई करते हुए विद्ववान अभिभाषक रोहित मंगल द्वारा उठाए गये क्षेत्राधिकार के मुद्दे को स्वीकार करते हुए तहसीलदार द्वारा जारी नोटिस और उस पर की जा रही कार्रवाई को स्टे कर दिया और शासन व तहसीलदार और वक्फ को नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई 24 जनवरी को नियत किया है।

ज्ञातव्य है कि उक्त पूरी जमीन नजूल की है और पिछले 42 वर्षों में कितनी ही बार शासन को आवंटन हेतु लैटर दिए गए लेकिन शासन द्वारा उक्त पत्रों पर कोई ध्यान न देते हुए वर्तमान मात्र एक दिन में वक्फ के नोटिस पर जिस तरह कार्रवाई की चेष्टा गई वह पूरे जिले में चर्चा का विषय था। ज्ञातव्य है कि उक्त स्थान पर पिछले 5 दिनों से भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता शामिल हो रही है। इस निर्णय का पूरा श्रेय जनता और आयोजक ने भागवत कथा और उसकी शक्ति को दिया है जिससे सत्य की जीत हुई है।

अवन्तिका। 10/12/२१

# छत्रीपुल स्थित कार बाजार पर कार्रवाई के मामले में मिला स्टे

रतलाम. शहर की छत्रीपुल स्थित राइट सर्विसेज कार बाजार पर प्रशासन द्वारा गत दिनों की गई कार्रवाई के मामले में हाईकोर्ट ने इस पर स्टे दे दिया है। प्रशासन द्वारा बीते सप्ताह कब्जा हटाने को लेकर की गई कार्रवाई के बाद कार बाजार के सुरेंद्र कुमार जैन ने प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर हाई कोर्ट द्वारा सुनवाई करते हुए सुरेंद्र जैन के अभिभाषक के तर्कों से सहमत होते हुए प्रशासन की कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगाते हुए यथास्थिति के आदेश जारी दिए हैं।

याचिकाकर्ता सुरेंद्र जैन ने बताया कि हाई कोर्ट द्वारा प्रशासन से कार्रवाई से जुड़े मामले को लेकर चार सप्ताह में जवाब भी मांगा है। साथ ही अगली सुनवाई होने तक यथास्थिति की बात कही है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा कार बाजार पर कार्रवाई के पूर्व नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद कार्रवाई की गई थी। उक्त परिसर में भागवत कथा चलने से यहां पांडाल लगा हुआ था प्रशासनिक अमले द्वारा उसे नहीं हटाया था।

पत्रिका। 10/12/२१

# सीएम ने अगस्त में कहा था अक्टूबर में अस्पताल का उद्घाटन करने आऊंगा

## (नोट- 26 अगस्त को रतलाम आए शिवराजसिंह चौहान कर गए थे जनता के बीच घोषणा।)

भास्कर संवाददाता | रतलाम

"मुख्यमंत्रीजी... आप आ रहे हैं, तो यह भी बताकर जाइएगा कि मेडिकल कॉलेज़ का अस्पताल कब शुरू होगा? इस सवाल के जवाब का इंतजार रतलाम शहर ही नहीं बल्कि आसपास के 5 जिलों के लोगों के लिए जरूरी है। क्योंकि, 26 अगस्त को जब आपका दौरा हुआ था, तब आपके शब्द थे कि मेडिकल कॉलेज का अस्पताल जल्द चालू करों, अक्टूबर में उद्घाटन करने आऊंगा। अब 2021 खत्म होने वाला है, लेकिन चिकित्सा महकमे से खुशखबरी नहीं मिली है'

**सबसे बड़ी जरूरत सीटी स्कैन मशीन... अभी खाली पड़ा है कमरा-** शहरवासियों के लिए कॉलेज में सबसे बड़ी जरूरत सीटी स्कैन मशीन है, लेकिन यह कमरा खाली पड़ा है। सरकारी स्तर पर सुविधा नहीं होने से लोगों को दो से तीन हजार रुपए खर्च करना होते हैं। कोरोना के पीक के दौरान प्रतिदिन 600 से ज्यादा सीटी स्कैन हुए हैं।

### 4 बड़े कारण जिनसे अटका था अस्पताल का काम, अब परेशानी हो चुकी दूर

**1.** ओटी : कॉलेज में 10 मॉड्यूलर ओटी तैयार है। सर्जरी, आर्थोपेडिक, गायनिक व ट्रामा की 2-2 तथा नेत्र, नाक, कान, गला की 1-1 मॉड्यूलर ओटी रहेगी। दांतों से जुड़ी सर्जरी ईएनटी ओटी में होगी। कॉलेज में सभी ओटी रेडी है।

**2.** सीएसएसडी : कॉलेज को संक्रमण मुक्त करने के लिए सीएसएसडी यानी सेंट्रल स्टरलाइजेशन का काम हो रहा था, जोकि अब पूरा हो चुका है।



**3.** उपकरण : ओटी और नेत्र बैंक के लिए उपकरण कॉलेज में आना थे, जोकि आ चुके है। डीन के मुताबिक उपकरणों को लेकर अब परेशानी नहीं है।

**4.** स्टाफ : कॉलेज में महिला स्टाफ नर्स के 300 से ज्यादा पदों पर भर्ती हुई है। पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती भी हो चुकी है।

# मुख्यमंत्रीजी, मेडिकल कॉलेज का अस्पताल आखिर कब शुरू होगा?

### अस्पताल के लिए सिर्फ एक काम जो पूरा होना है

1. ब्लड बैंक : मेडिकल कॉलेज में अब सिर्फ ब्लड बैंक का काम ही ऐसा है, जो कि पूरा नहीं हो सका है। इसके लाइसेंस और सेटअप के कारण देरी हो रही है।

### मार्च-2021 में शुरू होना थी ओपीडी, दूसरी लहर के कारण टली, अब तीसरी लहर का खतरा

- दूसरी लहर के कारण अस्पताल की ओपीडी की शुरुआत टली थी।
- मार्च-2021 में कॉलेज की मेडिसीन के साथ ही स्कीन, नेत्र रोग, नाक-कान व गला के मरीज देखना तय हुआ था।
- दवा का इंतजार हो रहा था, लेकिन दूसरी लहर आ गई, मामला टल गया।
- इसके बाद अक्टूबर के पहले या दूसरे सप्ताह में शुरुआत करने का तय किया। विधायक चेतन्य काश्यप ने सीएम को न्योता दे दिया था, मामला टल गया।
- रतलाम के साथ धार, झाबुआ, मंदसौर, नीमच और उज्जैन के लोगों को अस्पताल से फायदा है। बड़ी सर्जरी के लिए दूर नहीं जाना होगा। कोरोना काल में इन जिलों के मरीजों का मेडिकल कॉलेज में इलाज हुआ है।

### सीधी बात

डॉ. जितेंद्र गुप्ता, (डीन, मेडिकल कॉलेज)

#### जनवरी में शुरू कर देंगे अस्पताल

**▪ अस्पताल कब तक शुरू होगा?**
- जनवरी मध्य में हम अस्पताल को शुरू कर देंगे।

**▪ अक्टूबर में शुरू होना था, देरी क्यों?**
- उपकरण आना थे, सीएसएसडी का काम बाकी था। अब पूरा हो गया है।

**▪ काम पूरे हो गए हैं तो फिर अभी शुरुआत क्यों नहीं?**
- ब्लड बैंक का काम-थोड़ा सा बाकी है। वह पूरा हो जाए, अस्पताल की शुरुआत के लिए ब्लड बैंक जरूरी है।

**▪ सीएम को पहले न्योता दे चुके हैं, अब क्या अपडेट देंगे?**
- हमने प्रजेंटेशन तैयार किया है। सीएम को बताएंगे कि जनवरी मध्य तक अस्पताल शुरू कर देंगे।

दै. भास्कर 10/12/21

सीएम के रतलाम दौरे को लेकर सुरक्षा के हो रहे कड़े इंतजाम

# हेलीपेड से मेडिकल कॉलेज और अमृत गार्डन तक पुख्ता रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

## कलेक्टर व एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



रतलाम. मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के रतलाम दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। दो दिन बाद सीएम रतलाम आएंगे। उसे लेकर गुरुवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बंजली हेलीपेड के साथ ही शासकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे और यहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां के बाद अधिकारियों की टीम सैलाना रोड स्थित अमृत गार्डन पहुंची और यहां की व्यवस्थाओं को जांचा परखा।

सीएम अपने रतलाम दौरे के दौरान सैलाना रोड स्थित अमृत गार्डन भी पहुंचेंगे। वह 11 दिसंबर को जावरा विधायक राजेंद्र पांडेय के यहां रतलाम में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होंगे। मेडिकल कॉलेज में बैठक के साथ ही यहां विवाह समारोह में कुछ समय रुकने के बाद सीएम रवाना हो जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रम में सीएम की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए जाने है, ऐसे में यहां की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने दौरा कर व्यवस्थाएं जांची परखी।

### न रहे कोई कमी

रतलाम में कोरोना की दूसरी लहर के दौर में जो हालात बिगड़े थे, वैसे कोरोना की संभावित तीसरी लहर के दौरान न बिगड़े उसके लिए इस बार व्यवस्थाओं को जांचने और परखने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान स्वयं रतलाम आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में व्यवस्था देखने के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक लेंगे और कोविड की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए किस तरह की तैयारियां की गई है।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस

सीएम की सुरक्षा को लेकर हेलीपेड से लेकर मेडिकल कॉलेज और अमृत गार्डन में आयोजित समारोह तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। कलेक्टर-एसपी ने बंजली हवाई पट्टी का निरीक्षण करने के बाद मेडिकल कॉलेज पहुंच कर मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। यहां डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, एसडीओ पीके राय आदि उपस्थित थे। पत्रिका

पत्रिका 10/12/21

## कल मुख्यमंत्री रतलाम में, कलेक्टर ने देखी व्यवस्था

रतलाम | मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 11 दिसंबर के प्रस्तावित दौरे को लेकर गुरुवार को प्रशासनिक अमला दिनभर तैयारियों में लगा रहा। सीएम बंजली हवाई पट्टी पर उतरकर पहले मेडिकल कॉलेज जाकर कोविड-19 के नए वैरिएंट को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लेंगे। बैठक करेंगे। सैलाना रोड स्थित अमृत गार्डन में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे के बेटे पायस के विवाह समारोह में शामिल होंगे। गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एसपी गौरव तिवारी के साथ बंजली हवाई पट्टी और मेडिकल कॉलेज पहुंच कर मीटिंग हॉल का निरीक्षण किया। इसके बाद अमृत गार्डन पहुंचकर तैयारियां देखी। अपर कलेक्टर एमएल आर्य सहित अन्य अधिकारी साथ रहे।

दै. भास्कर 10/12/21

# दो सहायक व छह उपयंत्रियों की वेतनवृद्धि रोकी

## नगर निगम : अवैध निर्माण को वैध करने के लिए नोटिस जारी नहीं किए

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नगर निगम से जारी निर्माण अनुमति के विपरित किए गए अवैध निर्माणों को वैध करने के लिए शासन से नियम बनाए जाने के बाद भी निगम क्षेत्र में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अवैध को वैध करने के लिए कंपाउंडिंग (प्रशमन) प्रकरण में इंदौर में 25 करोड़ रुपये का राजस्व वसूल किया गया जबकि रतलाम में यह आंकड़ा 25 लाख रुपये है। इस लापरवाही पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने 2 प्रभारी सहायक यंत्री व 6 उपयंत्रियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोक दी है।

मालूम हो कि निगम आयुक्त ने 12 नवंबर को बैठक में प्रभारी सहायक यंत्री व समस्त उपयंत्रियों को अपने-अपने वार्डों में अनुमति के विपरित, स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्मित भवनों के प्रशमन प्रकरण के नोटिस जारी करने व प्रकरण तैयार करवाकर आनलाइन राशि जमा करवाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों की पालना में कोई कार्रवाई नहीं करने पर नोटिस जारी किए गए। प्रभारी सहायक यंत्री व उपयंत्रियों द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिए जाने पर प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, अनवर कुरैशी के अलावा उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, दीक्षा निजामपुरकर, अनिता ठाकुर की एक-एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई।



रतलाम नगर निगम भवन। ● फाइल फोटो

एक मैरिज गार्डन का प्रकरण स्वीकृत : निगम आयुक्त के निर्देशों के तहत प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी द्वारा अपने वार्ड में प्रशमन प्रकरण नोटिस जारी कर 27 लाख की राशि आनलाइन जमा करवाई गई व नोटिस का जवाब भी दिया गया। मैरिज गार्डन में हुए निर्माण को नए नियमों में स्वीकृत किया गया है।

**लाइसेंस प्राप्त 59 कंसल्टेंट को सूचना पत्र जारी**

नगर निगम से लाइसेंस प्राप्त 59 कंसल्टेंट को भी तीन दिन में अपने-अपने क्षेत्रों में इंजीनियरों के माध्यम से अनुमति व स्वीकृत मानचित्र के विपरित निर्माण करने वाले भवन स्वामियों से तीन दिन में आनलाइन आवेदन जमा कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है। एक भी प्रकरण लंबित पाए जाने पर संबंधित कंसलटेंट का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। नगर निगम से जारी भवन अनुज्ञा में कंसल्टेंट द्वारा पर्यवेक्षण किए जाने संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाता है, इसलिए ऐसे भवनों का प्रशमन प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करना कंसल्टेंट की भी जिम्मेदारी होती है।

**इस तरह होती है प्रक्रिया**

भवन निर्माण की अनुमति देने वाले आटोमेटेड बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम-2 (एबीपीएस) में आनलाइन आवेदन पंजीकृत कंसल्टेंट के माध्यम या स्वयं के द्वारा करना होगा। भवन का कंपाउंडिंग के बाद का नया नक्शा अपलोड करने के बाद दस्तावेज जांचने व मौका निरीक्षण के बाद अनुमति दी जाएगी। कंपाउंडिंग की तय राशि आनलाइन जमा कराना होगी।

**मुख्य समस्या यह भी**

नए नियमों में स्वीकृत निर्माण से 30 प्रतिशत अधिक निर्माण को वैध किया जा सकता है, लेकिन इसमें भवन के आगे के हिस्से में किए गए अवैध या अधिक हिस्से को वैध नहीं किया जाएगा। अधिकांश भवनों में नक्शे में आगे खाली छोड़ गए हिस्से में ही निर्माण किए गए हैं। इस वजह से भवन स्वामी भी निर्माण वैध कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

> शासन के नए नियमों के अनुसार प्रशमन प्रकरण में शुल्क भरकर निर्माण वैध कराया जा सकता है। इसमें भवन स्वामी को भी लाभ होगा। प्रकरण तैयार नहीं करने पर दो प्रभारी सहायक यंत्री व छह उपयंत्रियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई है।
>
> -सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

नई.

नईदुनिया 10/12/21



# प्रताप नगर ब्रिज पर गड्ढा भराई कार्य पूर्ण

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर के महू नीमच रोड स्थित प्रताप नगर ब्रिज के समस्त गड्ढों की भराई का कार्य गुरुवार को पूर्ण कर दिया गया। एसडीओ ब्रिज निर्माण आर.के. गुप्ता ने बताया कि प्रताप नगर ब्रिज के तीनों ओर कार्य किया जा कर उसे गड्ढा मुक्त कर दिया गया है। प्रसारण

प्रसारण 10/12/21

# 11 बजे आएंगे मुख्यमंत्री शहर में 80 मिनट रहेंगे



मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर निर्देश देते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोतम। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 11 दिसंबर को प्रस्तावित रतलाम दौरे में करीब 80 मिनट का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें सुबह 11 बजे सीएम बंजली हवाई पट्टी पर विमान से आएंगे और दोपहर 12:20 बजे वापस रवाना होंगे। इस दौरान सीएम मेडिकल कालेज व आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर जावरा विधायक डा. राजेंद्र पांडे के पुत्र के विवाह आयोजन में भी शामिल होंगे। शनिवार को अधिकृत कार्यक्रम जारी होने की संभावना है।

प्रस्तावित दौरे को लेकर गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी गौरव तिवारी बंजली हवाई पट्टी पहुंचे और वहां निरीक्षण के बाद मेडिकल कालेज पहुंचकर मीटिंग हाल का निरीक्षण कर मेडिकल कालेज डीन डा. गुप्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद अमृत गार्डन पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इंद्रजीत बाकलवार, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, एसडीओ पीके राय आदि उपस्थित रहे।

**दौरा**

- प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन ने की तैयारी, कलेक्टर ने दिए निर्देश
- मेडिकल कालेज और आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करेंगे

नईदुनिया 10/12/21

# वैक्सीनेशन को लेकर केंद्रों पर बढ़ने लगी कतार



**रतलाम.** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की संभावना के बाद अब कुछ वैक्सीनेशन सेंटर पर फिर से लोगों की भीड़ नजर आने लगी है। दरअसल अब तक जो लोग वैक्सीनेशन के प्रति लापरवाही बरत रहे थे, वह अब कतार में खड़े होकर वैक्सीन लगवा रहे हैं जबकि कुछ समय पूर्व तक केंद्र पूरी तरह से खाली रहते थे और लोगों को फोन लगाकर बुलाने पर भी वह आने में आनाकानी करते थे लेकिन अब स्थिति बदली सी नजर आने लगी है। सबसे अधिक भीड़ शहर के कालिका माता परिसर स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर नजर आ रही है।

पत्रिका

पत्रिका 10/12/21

# जिले में 20 लाख टीके, पहला डोज 100% से ज्यादा को लगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में अब तक 20 लाख टीके लगाए जा चुके हैं। 87 प्रतिशत लोग दूसरा टीका लगवा चुके हैं। वोटर लिस्ट के हिसाब से पहला डोज 100% से ज्यादा हो चुका है। गुरुवार को 12 हजार से ज्यादा टीके लगाए हैं। सबसे ज्यादा रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में हुआ। गुरुवार शाम 7.30 तक 12748 लोगों को वैक्सीन लगाई, टारगेट 17850 का था, यानी टारगेट के मुकाबले 71 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो गया। इधर, जिले में 95.43% लोगों को पहला डोज और 85.30% लोगों को दूसरा डोज लगा है।

## वैक्सीनेशन की स्थिति




| ब्लॉक | वैक्सीन |
|---|---|
| आलोट | 2237 |
| जावरा | 1426 |
| पिपलौदा | 1025 |
| ग्रामीण | 7034 |
| सैलाना | 164 |
| शहर | 862 |

भास्कर

दै. भास्कर 10/12/21

# रतलाम जिले में कोविड वैक्सीन के 20 लाख टीके लगाए

**रतलाम।** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में कोरोना के विरुद्ध वैक्सीनेशन कार्य पूरी रफ्तार से चल रहा है। अब तक 20 लाख से भी ज्यादा वैक्सीन डोज जिले में लगाए जा चुके हैं। वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत जिले के 87 प्रतिशत व्यक्ति वैक्सीन का दूसरा डोज लगवा चुके हैं। न.दु.

# ओटीपी से ही जारी होंगे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने की आनलाइन प्रक्रिया में अब बिना ओटीपी प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाएंगे। फर्जी या गलत तरीके से प्रमाण पत्र जारी न होने पाए, इसलिए एक जनवरी से जिला अस्पताल सहित सभी 34 स्वास्थ्य संस्थाओं में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करते समय ओटीपी अनिवार्य हो जाएगा। आनलाइन पंजीयन के लिए लागिंग करते ही जिम्मेदार अधिकारी के मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगी। ओटीपी शामिल करने के बाद ही आगे की प्रक्रिया बढ़ेगी।

अभी तक कम्प्यूटर आपरेटर ही आनलाइन पंजीयन कर प्रमाण पत्र जारी कर रहे थे, जिसमें खामियां उजागर होने के कारण यह व्यवस्था तय की गई है। संस्था प्रमुख या अन्य जिम्मेदार अधिकारी के मोबाइल पर ओटीपी जारी होने के बाद यदि कोई गड़बड़ी होगी या फर्जी प्रमाण पत्र जारी होगा तो अधिकारी की पहली जिम्मेदारी तय कार्रवाई की जाएगी।

मालूम हो कि भारत के प्रत्येक नागरिक की जन्म-मृत्यु होने के बाद स्वजन के द्वारा यह प्रमाण पत्र बनवाना होता है। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए स्वजन को आवेदन करना होता है। हालांकि स्वास्थ्य संस्थाओं में अब बिना आवेदन के जन्म प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। यह प्रमाण पत्र आनलाइन तथा आफलाइन दोनों माध्यमों से बनवाया जा सकता है, लेकिन आनलाइन को प्राथमिकता दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों की सूची तैयार कर सभी जगह एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दी है। साथ प्रक्रिया कैसे संचालित करनी है। इसके लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एक जनवरी से नई प्रक्रिया पर काम होगा। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि एक जिम्मेदार की अधिकारी कि निगरानी में ही आनलाइन जन्म-मृत्यु प्रमाण जारी हो सकेंगे। जिले की उन सभी संस्थाओं में यह प्रक्रिया लागू होगी, जहां जन्म-मृत्यु प्रमाण जारी हो रहे हैं।

## 6035 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार तक 6035 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। ९६.

नईदुनिया 10/12/21

# भाजपा मठ-मंदिरों में चलाएगी स्वच्छता अभियान

रतलाम। भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर दिव्य काशी-भव्य काशी कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी 23 मंडलों में सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे। स्वच्छता अभियान मंदिरों, मठों एवं आश्रमों में चलाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव ने बताया कि कार्यक्रम के लिए जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा ने मनोज शर्मा को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्टजनों की सहमित से सभी 23 मंडलों के प्रभारी नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपा हैं। मंडल स्तर पर नियुक्त किए गए प्रभारियों में दिनदयाल मंडल के लिए बंटी बोहरा, सूरजमल जैन हेमंत राहोरी, मुखर्जी मंडल धर्मेन्द्रसिंह देवड़ा, डॉ. अम्बेडकर मंडल लोकेश जायसवाल, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल राजेश परमार, नामली मंडल अजय जोगचन्द्र, धराड़ मंडल राकेश पाटीदार, शबरी मंडल अमृतलाल पाटीदार, बांगरोद मंडल बालकृष्ण व्यास, सैलाना मंडल अम्बिका पाटीदार, सरवन बेड़दा मंडल भेरूसिंह निनामा, रावटी मंडल कैलाश वसुनिया, बाजना मंडल नरेन्द्र वसुनिया, राजापुरा माताजी मंडल दिनेश चारेल, जावरा नगर मंडल राजेश शर्मा, जावरा ग्रामीण मंडल डॉ. राजेन्द्रसिंह देवड़ा, पिपलौदा दिनेश पाटीदार, सुखेड़ा सुरेश धाकड़, आलोट अनील पोरवाल, ताल नरेन्द्र कल्याणे, बड़ावदा संजय चावड़ा, श्रीमंत राजमाता के लिए सुरेश भीलवाड़ा की नियुक्ति की गई है। अग्निभारत

अग्निभारत 10/12/21

# ज्वलनशील वस्तुओं की दुकानें व भंडारगृह हटाए तो 70 फीसदी दुकानें शहर से हो जाएंगी बाहर

## प्रशासन ने 20 दिसंबर तक दुकानें व गोदाम हटाने के आदेश दिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिला प्रशासन ने शहर में संचालित प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित वस्तुएं, डीजल, गैस सिलेंडर, तेल, लकड़ी सहित अन्य ज्वलंतशील एवं विस्फोटक वस्तु बेचने वाले दुकानदार और भंडारणकर्ता को दुकान और गोदाम शहर से बाहर शिफ्ट करने के आदेश दिए हैं। 20 दिसंबर की डेड लाइन तय की है। इससे शहर के कारोबारियों में रोष है। क्योंकि शहर में पेट्रोल पंप, राजी गादी की दुकानें, रूई की दुकानें, साड़ी, कपड़ा, ऑटो पार्ट्स, टायर की दुकानें, ऑटो गैरेज, इलेक्ट्रानिक वस्तुएं, नमकीन की दुकानें सहित अन्य कारोबार ज्वलनशील की श्रेणी में आता है। इस आदेश के अनुसार इन दुकानों को बाहर शिफ्ट होना होगा। ऐसा हुआ तो शहर का 70 फीसदी कारोबार बाहर शिफ्ट हो जाएगा। व्यापारियों ने आदेश का विरोध जताया है। जिला प्रशासन से इस पर पुनः विचार करने की मांग की है।

**कलेक्टर से मिलकर उन्हें इस पर पुनः विचार करने की गुजारिश करेंगे-** संयुक्त व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी ने बताया साड़ी, सेव, कपड़ा, रेडिमेड, टायर की दुकान, ऑटो गैरेज सहित सभी कारोबार ज्वलंतशील श्रेणी में आते है। यदि ये बाहर होते है तो 70 फीसदी व्यापारियों को अपना कारोबार बाहर शिफ्ट करना होगा। शहर के आसपास जमीनें इतनी महंगी है कि कारोबारी खरीद नहीं पाएंगे। इससे 70 फीसदी कारोबार बंद हो जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा की जाएगी और उन्हें इस पर पुनः विचार करने की मांग की जाएगी।

## इस आदेश से रोष, व्यापारी कलेक्टर से चर्चा करेंगे

जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश में कहा है शहर की सीमा क्षेत्र में अवैधानिक रूप से संचालित की जाने वाली कबाड़ दुकानों, गोडाउन, लकड़ी के गोडाउन, प्लास्टिक, प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, तेल, ऑयल, डीजल, गैस सिलेंडर गोडाउन एवं अन्य खतरनाक ज्वलनशील वस्तुओं के भंडारण से क्षेत्र के रहवासियों को बाधा, क्षति या मानव जीवन के स्वास्थ्य को खतरे का या लोक प्रशांति विक्षुब्ध होने का या आगजनी व कोई अन्य अप्रिय घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। इससे इन दुकानों के संचालकों, भंडारणकर्ताओं को आदेशित किया जाता है कि वह 20 दिसंबर तक अपनी दुकान, गोडाउन भंडारगृह इत्यादि को तत्काल प्रभाव से शहर की सीमा क्षेत्र के बाहर समुचित स्थान पर स्थानांतरित करें।

दै. भास्कर 10/12/21

# मास्क नहीं लगाने पर 57 लोगों से वसूला जुर्माना



मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना वसूलते हुए नगर निगमकर्मी। • नईदुनिया

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर इकबाल खान इंद्रलोक नगर से 500 रुपये, अशोक वर्मा, भूपेंद्र जवाहर नगर, गजेंद्र राठौर, अब्दुल वहीद बाजना बस स्टैंड, रामलाल, मांगीलाल, श्याम अमृत सागर, भारत जाट, विजेंद्र दो बत्ती, गोविंद महू रोड से 100-100 रुपये, अजय, अरविंद, गंगाराम सैलाना रोड, भगवानसिंह, तारासिंह, देवीलाल लोकेंद्र टाकीज, श्यामलाल बाजना बस स्टैंड, बबलू, भेरूलाल अमृत सागर, गोपाल, जीतू वर्मा, सरवन दो बत्ती, सीताराम, सिद्धार्थ, मनोज कुमार महू रोड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क घूमने वाले 57 व्यक्तियों से 100-100 रुपये का स्पाट फाइन वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

नईदुनिया 10/12/21

## हनुमान ताल : बढ़ रहे प्रवासी पक्षी, 18 से ज्यादा डक दिख रहीं



रतलाम | हनुमान ताल में प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़ रही है। यहां 18 से ज्यादा डक पानी में तैरती दिख रही है। नवंबर मध्य तक तालाब में 7-8 डक ही दिख रही थी। पिछले साल 20 से ज्यादा डक दिखी थी, वहीं 2019 में 4 जोड़े नजर आए थे। यह डक सर्दियों के दिनों में हनुमान ताल में नजर आएगी। फोटो | राकेश पोरवाल

दे. भास्कर 10/12/21

## मास्क नहीं लगाने पर 30 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु शासन द्वारा सभी को मास्क अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिये जाने के तहत ऐसे व्यक्ति जो कि मास्क नहीं लगा रहे है उन पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 30 ऐसे व्यक्ति जो बिना मास्क के पाये गये उन पर 100-100 रूपये का जुर्माना कर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

### दुकानदारों को दी समझाईश

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारो, व्यावसायिक प्रतिश्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगायें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें। दूकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग एकत्रित नहीं होवें। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें। स्वदेश

स्वदेश 10/12/21

## मास्क नहीं लगाने से 57 और गंदगी करने पर 26 पर जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोविड संक्रमण से बचने के लिए निर्देश के बावजूद मास्क नहीं लगाने वाले 57 व्यक्तियों पर गुरुवार को जुर्माना लगाया। नगर निगम अमले ने प्रत्येक से 100 रुपए का जुर्माना वसूल कर मास्क हमेशा लगाने की हिदायत दी। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वाले 26 व्यक्तियों से स्पॉट फाइन वसूला। इकबाल खान इंद्रलोकनगर पर 500 रुपए, अशोक शर्मा, भूपेंद्र जवाहर नगर, गजेंद्र राठौर, अब्दुल वहीद बाजना बस स्टैंड, रामलाल, मांगीलाल, श्याम अमृत सागर, भारत जाट, विजेंद्र दो बत्ती, गोविंद महू रोड पर 100 रुपए, अजय, अरविंद, गंगाराम सैलाना रोड, भगवानसिंह, तारासिंह, देवीलाल लोकेंद्र टॉकीज, श्यामलाल बाजना बस स्टैंड, बबलू, भेरूलाल अमृत सागर, गोपाल, जीतू वर्मा, सरवन दो बत्ती, सीताराम, सिद्धार्थ, मनोज कुमार महू रोड पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। भास्कर

दै. भास्कर 10/12/21